भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2985 का उत्तर

असम में गुवाहाटी-तेजपुर तथा तेजपुर-सिलघाट रेल लाइन

2985. श्री रंजीत दत्ता:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम में प्रस्तावित गुवाहाटी-तेजपुर तथा तेजपुर-सिलघाट रेल लाइन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति तथा इनके पूरा होने की संभावित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;

(ख) तेजपुर जिले में रेल अवसंरचना के उन्नयन, स्टेशनों के आधुनिकीकरण तथा यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का तेजपुर तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों में रेल संपर्क एवं यात्री सेवाओं में सुधार करने तथा रेल नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु कोई अतिरिक्त पहल शुरू करने का विचार है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): आगियाठरी (गुवाहाटी) - डेकारगाँव (तेज़पुर) नई रेल लाइन परियोजना (130 कि.मी.) तथा डेकारगाँव (तेज़पुर) - सिलघाट नई रेल लाइन परियोजना (28 कि.मी.) के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार होने के बाद, परियोजना की स्वीकृति के लिए राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श और आवश्यक अनुमोदन अर्थात् नीति आयोग, वित्त मंत्रालय आदि से मूल्यांकन अपेक्षित होता है। चूंकि, परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए सटीक समय-सीमा विभिन्न हितधारकों द्वारा मूल्यांकन और अनुमोदन पर निर्भर करती है।

रेलगाड़ी सेवाएँ

वर्तमान में, तेज़पुर को सेवित करने वाला स्टेशन डेकारगाँव है जिसे 06 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जाता है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	15813/15814 डेकारगाँव - मुरकंगसेलेक एक्सप्रेस
2	15815/15816 गुवाहाटी - डेकारगाँव इंटरसिटी एक्सप्रेस
3	55821/55822 रंगिया - डेकारगाँव पैसेंजर
4	55823/55824 रंगापाड़ा नार्थ - डेकारगाँव पैसेंजर
5	55819/55820 डेकारगाँव - भालुक पोंग पैसेंजर
6	55861/55862 रंगिया - डेकारगाँव पैसेंजर

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर नई गाड़ी सेवाएं शुरू करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो निम्नलिखित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है:

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता
- उस खंड का अधिभोग और यातायात आवश्यकता

स्टेशन पुनर्विकास

रेल मंत्रालय द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए असम में स्थित सोनितपुर जिले के रंगापाड़ा नार्थ जंक्शन स्टेशन (मुख्यालय तेजपुर में) को चिह्नित किया गया है।

रंगापाड़ा नार्थ जंक्शन स्टेशन पर प्लेटफॉर्म शेल्टर के सुधार और प्लेटफॉर्म सं. 5 का विस्तार कार्य पूरा कर लिया गया है। 12 मीटर चौड़े पैदल पार पुल, मुख्य प्रवेश द्वार पर नया स्टेशन भवन, दूसरे प्रवेश द्वार पर नया स्टेशन भवन के कार्य, मुख्य प्रवेश द्वार पर परिचलन क्षेत्र का सुधार, प्लेटफॉर्म सतह संबंधी सुधार, प्रवेश परागण, सवारी डिब्बा इंडिकेशन बोर्ड और ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड की स्थापना का कार्य शुरू किया गया है।

अमृत भारत स्टेशन योजना में भारतीय रेल के स्टेशनों को बेहतर बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उनका चरणबद्ध क्रियान्वयन शामिल है। प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान में निम्न शामिल हैं:

- **स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार,**
- **स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण,**
- **स्टेशन भवन में सुधार,**
- **प्रतीक्षालयों, शौचालयों, बैठने की व्यवस्था, पेयजल बूथों में सुधार,**
- **यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े पैदल पार पुल/सबवे का प्रावधान**
- **लिफ्टरैंप का प्रावधान/स्वचालित सीढ़ियों/**
- **प्लेटफॉर्म की सतह/प्लेटफॉर्म शेल्टर की व्यवस्था में सुधार**
- **'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क का प्रावधान,**
- **पार्किंग क्षेत्र का विकास**
- **दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं**
- **बेहतर यात्री सूचना प्रणालियां**
- **एयर कॉनकोर्स, एक्जीक्यूटिव लाउंज, मल्टी-मॉडल एकीकरण, लैंडस्केपिंग आदि का प्रावधान**

इस योजना में आवश्यकतानुसार, चरणबद्ध और व्यवहार्य रूप से दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान आदि और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

अब तक, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 1340 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिनमें से 50 स्टेशन असम में स्थित हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत असम राज्य में विकास के लिए चिह्नित किए गए स्टेशनों के नाम निम्नानुसार हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
असम	50	अमगुरी, अरुणाचल, चपरमुख, धेमाजी, धुबड़ी, डिब्रूगढ़, दीफू, दुलियाजान, फकीराग्राम जंक्शन, गौरीपुर, गोहपुर, गोलाघाट, गोसाई गांव हाट, गुवाहाटी, हैबरगांव, हरमुती, होजाई, जगीरोड, जोरहाट टाउन, कामाख्या जं., कोकराझार, लंका, लेडो, लामडिंग जं., माजबाट, माकुम जंक्शन, मार्घेरिटा, मारियानी जं., मुरकंगसेलेक, नाहरकटीया, नलबाड़ी, नामरूप, नारंगी, न्यू बोंगाईगांव जं., न्यू हाफलंग, न्यू करीमगंज जं., न्यू तिनसुकिया जं., नार्थ लखीमपुर, पाठशाला, रंगापाड़ा नार्थ जं., रंगिया जंक्शन, सरूपथार, सिबसागर टाउन, सिलापथार, सिलचर, शिमलगुड़ी, तंगला, तिनसुकिया, उदालगुड़ी, विश्वनाथ चारआली

असम में पूरे किए गए स्टेशन:

असम में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य अच्छी गति से शुरू किए गए हैं। असम में पूरा कार्य किए गए स्टेशनों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
असम	2	हैबरगांव, माजबाट

हैबरगांव स्टेशन पर विकास कार्य पूरे किए गए हैं, जिसमें नया स्टेशन भवन ब्लॉक, प्रवेश परागण, परिचलन क्षेत्र का सुधार, नया प्रतीक्षालय, पार्किंग, शौचालय ब्लॉक, प्लेटफॉर्म सतह और प्लेटफॉर्म शेल्टर के सुधार कार्य शामिल है।

माजबाट स्टेशन पर विकास कार्य पूरे किए गए हैं, जिसमें नया स्टेशन भवन, प्रवेश परागण, परिचलन क्षेत्र का सुधार, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सतह, नया प्रतीक्षालय, पार्किंग, शौचालय और लिफ्ट के सुधार कार्य शामिल हैं।

अन्य स्टेशनों पर विकास गतिविधियां भी अच्छी गति से शुरू की गई हैं और कुछ स्टेशनों की प्रगति नीचे दी गई है:

- **धुबड़ी स्टेशन: नए स्टेशन भवन, परागण, नए उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म सं. 2 और 3 का कार्य, मौजूदा स्टेशन भवन का सुधार, परिचलन क्षेत्र, प्लेटफॉर्म शेल्टर, शौचालय, बाउंड्री वॉल, 12 मीटर चौड़ा पैदल पार पुल और सवारी डिब्बा इंडिकेशन बोर्ड की स्थापना के कार्य पूरे किए गए हैं। लिफ्ट का कार्य शुरू कर दिया गया है।**

- **नारंगी स्टेशन: नए स्टेशन भवन ब्लॉक, परागण, नया प्रतीक्षालय, मौजूदा स्टेशन भवन का सुधार, परिचलन क्षेत्र, प्रवेश/निकास द्वार, बाउंड्री वॉल और प्लेटफॉर्म सं. 1 पर प्लेटफॉर्म की सतह का कार्य पूरा किया गया है। प्लेटफॉर्म सं. 1 का विस्तार, एक 12 मीटर चौड़ा पैदल पार पुल, लिफ्ट और दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।**

- **शिमलगुड़ी स्टेशन: प्रतीक्षालय का सुधार कार्य पूरा किया गया है। प्रवेश/निकास द्वार, परिचलन क्षेत्र का सुधार, 12 मीटर चौड़ा पैदल पार पुल, दिव्यांगजनों के लिए टेक्टाइल टाइल्स और पे एंड यूज शौचालय के कार्य शुरू किए गए हैं।**

- **विश्वनाथ चारआली स्टेशन: नए स्टेशन भवन, परागण, परिचलन क्षेत्र का सुधार, पहुंच मार्ग, शौचालय ब्लॉक, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सं. 1 का विस्तार, सवारी डिब्बा इंडिकेशन बोर्ड और ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड की स्थापना के कार्य पूरे किए गए हैं। लिफ्ट का कार्य शुरू कर दिया गया है।**

इसके अलावा, भारतीय रेल में स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण यात्री सुविधाओं के प्रावधान सहित एक निरन्तर और सतत प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्य पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन, आवश्यकतानुसार किए जाते

हैं। स्टेशन का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण का कार्य स्टेशन की कोटि/स्थिति/यातायात सम्हलाई आदि के आधार पर किया जाता है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण को आमतौर पर कार्य योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएँ' के अंतर्गत वित्तपोषित किया जाता है। योजना शीर्ष-53 के अंतर्गत आबंटन और व्यय का विवरण क्षेत्रीय रेलवे-वार रखा जाता है और न कि कार्य-वार, स्टेशन-वार या राज्य-वार। असम पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस क्षेत्र के लिए, वित्त वर्ष 2026-27 में 431 करोड़ रु. आबंटित किए गए हैं, जिसमें से अब तक (जून, 2026 तक) 179 करोड़ रु. का व्यय उपगत किया गया है।

******